तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

17 निर्दोष आदिवासियों पर अश्रु गैस छोड़ने की न्यायिक ...

18 धमतरी पुलिस ने पिछले 6 माह में अभियान चला कर करोड़ों ...





## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

**नगरी।** 5 जुलाई रविवार को ग्राम डीहीपारा पेट्रोल पंप स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास मंदिर भवन में सतनामी समाज ब्लाक स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। सतनामी समाज ब्लाक नगरी के अध्यक्ष विष्णुकुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मनहरे, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप, योगेश भट्ट एव मीडिया प्रभारी सीएस गहने ने बताया कि बैठक में समाज की मजबूती, सामाजिक एकता एवं विकास पर चर्चा की जायेगी।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक सोमवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स एसोसिएशन भवन धमतरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सभी पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है।

सुगबुगाहट शुरू, विवाहित महिलाओं को है योजना का बेसब्री से इंतजार

# महतारी वंदन के लिए खुलेगा पोर्टल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विवाहित महिलाओं का ढाई साल का इंतजार खत्म होने वाला है। महतारी वंदन योजना के लिए नया आवेदन लेने के लिए पोर्टल खुलेगा। हालांकि नया आवेदन लेने के लिए अब तक कोई अधिकृत आदेश नहीं आया है, लेकिन तैयारी जरूर शुरू हो गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस योजना से वंचित महिलाओं को सूचित कर रही हैं कि वे वांछित दस्तावेज तैयार रखें।

जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 2 लाख 30 हजार 253 महिलाएं पंजीकृत हैं। इन महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों की तादाद काफी अधिक होने के बाद भी बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से वंचित हैं। पिछले ढाई साल से वे इस योजना का लाभ मिलने की उम्मीद लगाए बैठी हैं, लेकिन शासन से नया आवेदन लेने के लिए आदेश ही नहीं आया था। अब इस योजना से वंचित महिलाओं की सुध ली जाएगी। शासन से इसके लिए अब तक कोई अधिकृत आदेश तो नहीं आया है, लेकिन मिल रही सूचनाओं के आधार पर इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की सूची में विस्तार करने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार इसकी शुरूआत बस्तर संभाग से की जाएगी। इसके बाद अन्य जिलों के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

### कई कारणों से वंचित हैं महिलाएं

इस योजना के तहत महिलाओं को हर माह 1 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। अब तक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 28 किस्त जारी की जा चुकी है। इस योजना के तहत ढाई साल पहले केवल एक बार ही महिलाओं से आवेदन लिया गया था। इस ढाई साल में बड़ी संख्या में शादियां हुई हैं। ये महिलाएं भी पात्र सूची आती हैं, लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। यही नहीं जब योजना शुरू हुई तो कई विवाहित महिलाओं की उम्र 21 साल ▶▶ शेष पेज 14 पर

### चार हजार महिलाओं की ई-केवाईसी नहीं

इस योजना के तहत पात्र महिलाओं की ई- केवाईसी का काम भी अंतिम चरण में है। अब तक 2 लाख 26 हजार 696 हितग्राहियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। 4 हजार 256 हितग्राहियों का ई- केवाईसी होना बाकी है। इसमें कई हितग्राही ऐसे हैं, जिनका फिंगरप्रिंट नहीं आ रहा है। कई कोशिश के बाद भी ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है। इन हितग्राहियों की लिस्ट रायपुर भेजी गई है। वहां से इन हितग्राहियों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

आवश्यकता है
- जेसीबी किराए पर चाहिए (किराया 1 से 1.25 लाख ) मॉडल देखकर (डबल ड्रायवर सहित)
- हाईवा ड्रायवर 2 पद (अनुभवी को प्राथमिकता)
- ऑफिस स्टाफ (अनुभवी ही संपर्क करें)
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (अनुभवी ही संपर्क करें)

श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी, धमतरी
रेल्वे स्टेशन के सामने, धमतरी
मो. 78881-18675 (संपर्क : दोपहर 12 बजे से 6 बजे तक)

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 जुलाई को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं 20 जुलाई को प्रांतीय आह्वान पर धरना प्रदर्शन, आयकर संबंधी जानकारी तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी।

संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, अरूण कुमार गौर, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, झुमुकलाल साहू, सेवकराम नेले, लालाराम मगेन्द्र, चन्द्रभान चन्द्राकर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरीदयाल साहू ने दी है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 8 को

**कुरूद**। पेंशनर्स एसोसिएशन कुरूद की मासिक बैठक 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स भवन, कुरूद में आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्रीष्मावकाश के बाद नए सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही मई और जून माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारी पेंशनरों को छठवें एवं सातवें वेतनमान से संबंधित लाभ और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न संगठनात्मक एवं पेंशनर्स हित से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेलाल चंद्राकर और सचिव लिखनलाल साहू ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### श्रद्धांजलि सहायता राशि में वृद्धि सरकार की मानवीय सोच का परिचायक : छाबड़ा

**नगरी**। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि अब तक गरीबी रेखा के नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाले परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार एवं क्रियाकर्म के लिए राज्य सरकार द्वारा 2,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। राज्य सरकार ने इस सहायता राशि को बढ़ाकर 2,500 कर दिया है। श्री छाबड़ा ने कहा कि दुख की घड़ी में यह आर्थिक सहायता शोकाकुल परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगी तथा सरकार की संवेदनशील कार्यशैली को दर्शाती है। उन्होंने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भी राज्य सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के हित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।



### कोटवारों ने किया धरना प्रदर्शन

**नगरी**। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा शुक्रवार को नगरी तहसील मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। संगठन के बैनरतले बड़ी संख्या में कोटवार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकत्र हुए और शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। कोटवारों ने अपनी प्रमुख मांगों में राजस्व विभाग में नियमित संविलियन, न्यूनतम 15 हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक, नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, झूठे आरोपों के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर रोक और अनावश्यक बेगारी बंद करने जैसे मुद्दे शामिल किए। संगठन के सदस्यों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक उचित समाधान नहीं हो पाया है। धरना प्रदर्शन के दौरान कोटवारों ने कहा कि यदि जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाया

**नगरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या नगरी में नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति की पूर्व अध्यक्ष प्रतिमा देवांगन थीं। अध्यक्षता संस्था प्रमुख रामटेके ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता वरुण, किरण, धर्मेंद्र कुमार साहू, आशा इक्का, विनीता साहू, जितेश्वरी नेताम, मायावती सूर्यवंशी, अनुसुइया मरकाम, नंदलाल कश्यप, व्यायाम शिक्षिका होमेश्वरी साहू, सहायक शिक्षिका माधवी नाग, पूनमचंद साहू समेत अन्य मौजूद थे। संचालन व्याख्याता अजय साहू ने किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कई कारणों से वंचित हैं महिलाएं

नहीं हुई थी, जिसके चलते भी कई महिलाओं को इस योजना से वंचित होना पड़ा है। इसके अतिरिक्त कई अन्य कारणों से बड़ी संख्या में महिलाएं महतारी वंदन योजना के लाभ से वंचित हैं।

# कृषि मंत्री ने उन्नत वत्स प्रदर्शनी का किया अवलोकन, गायों को हरा चारा खिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने धमतरी जिले के प्रवास के दौरान पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड धमतरी के मुख्य ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पुरी स्थित पशु चिकित्सा संस्था मुख्य ग्राम इकाई में उन्नत वत्स प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मंत्री श्री नेताम ने गायों को हरा चारा खिलाया। कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से उत्पादित 42 उन्नत वत्सों (एफ-1 से एफ-3 पीढ़ी) का प्रदर्शन किया गया। मंत्री श्री नेताम ने उन्नत नस्ल के इन वत्सों का अवलोकन कर विभाग द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक एवं नवाचार आधारित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पशुधन की गुणवत्ता में सुधार कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना किसानों और पशुपालकों की आय वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**नवाचार आधारित गतिविधियों की सराहना**

मंत्री श्री नेताम ने जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, नस्ल सुधार, डेयरी विकास तथा नवाचार आधारित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि धमतरी जिले में विभागीय कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उपसंचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. एके मरकाम, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. टीआर वर्मा तथा पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ठाकुर ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## पुरी में कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से उत्पादित 42 उन्नत वत्सों का प्रदर्शन

### हर परिवार डेयरी गतिविधियों से जुड़ा

कार्यक्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी तथा पशुधन विकास विभाग के संचालक चन्द्रकांत वर्मा की उपस्थिति रही। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पशुपालकों से संवाद किया तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। सरपंच श्रीमती कुंती देवदास एवं दुग्ध सहकारी समिति के अध्यक्ष चिरौंजीलाल साहू ने बताया कि ग्राम पुरी में शत-प्रतिशत कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से लगभग प्रत्येक परिवार डेयरी गतिविधियों से जुड़ चुका है।



### प्रतिदिन 500 लीटर से अधिक दूध का संकलन

वर्तमान में ग्राम के दुग्ध संकलन केन्द्र में प्रतिदिन 500 लीटर से अधिक दूध का संकलन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ग्राम पुरी अब वैज्ञानिक पशुपालन एवं डेयरी विकास का प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रहा है। इस दौरान कृत्रिम गर्भाधान कार्य में सूचना-तंत्र के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले ग्राम के चरवाहों को मंत्री श्री नेताम ने गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

## दिन-रात ट्रैक्टरों से हो रहा अवैध उत्खनन और परिवहन, सिंडिकेट के सामने जिम्मेदार विभाग बेबस

# एनीकट और करोड़ों के सेतु पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

रेत के खेल का कारोबार एक सूत्री अभियान की तरह चल रहा है। रेत माफिया इतने निडर हैं कि करोड़ों रुपये की लागत से बने बड़े पुल ब्रिज और एनीकट को नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। रेत का अवैध खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन कर डंप किया जा रहा है।

मेघा महानदी में जल संसाधन विभाग द्वारा जल संग्रहण के लिए करोड़ों की लागत से एनीकट का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार करेली बड़ी नारी के मध्य महानदी में जल संसाधन विभाग द्वारा करोड़ों का एनीकट बनाया गया है। करोड़ों की लागत से मेघा में बड़े ब्रिज और करेली बड़ी नारी के बीच करोड़ों रुपए का बड़ा पुल बना है। यहां बताना आवश्यक है कि करेली बड़ी एनीकट एवं सेतु निर्माण के समीप अवैध खनन कर सैकड़ों ट्रैक्टर एक साथ परिवहन कर रहे हैं। सिंडिकेट बनाकर खुलेआम दिन और रात उत्खनन कर रहे हैं। खनिज विभाग, तहसीलदार, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग सहित पूरा प्रशासन मौन है।



**माइनिंग एवं कलेक्टर कार्यालय को पत्र लिखेंगे**

दौरा कार्यक्रम में व्यस्त हूं। जानकारी नहीं है। स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग एवं कलेक्टर कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा।

- एसके चंद्राकर, *ईई जल संसाधन विभाग*

**हो रही कार्रवाई**

रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई हो रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

- तहसीलदार, *मगरलोड*

### एनीकट के नीचे खुदाई जारी

रेत के खनन से महानदी में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। एनीकट एवं बड़ी पुलिया को भी टूटने से नहीं छोड़ रहे हैं। पुल और एनीकट के नीचे रेत का अवैध खनन हो रहा। इससे पुल और एनीकट का भविष्य खतरे में है। समय पूर्व इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान होगा। अवैध रेत परिवहन के कारण मेघा पुल टूट गया है जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को पिछली दो-तीन बारिश से भुगतना पड़ रहा है।

### अवैध परिवहन से सड़कें जर्जर

अवैध रेत के परिवहन से पक्की सड़क टूटकर जर्जर हो रही है। इससे जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पक्की सड़क टूटकर डेढ़ से दो फीट गड्ढे में तब्दील हो गई है। इससे क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है।

### एनीकट एकमात्र वैकल्पिक मार्ग

मेघा महानदी में नए ब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है। बरसात में कच्चा मार्ग खराब होने पर एक मात्र वैकल्पिक मार्ग एनीकट बचा हुआ है। सुबह से देर रात्रि तक हजारों लोगों का आवागमन होता है।

### जगह-जगह रेत की अवैध डंपिंग

मगरलोड, करेड़ी बड़ी क्षेत्र में जगह-जगह अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। नदी से ट्रैक्टर में अवैध उत्खनन कर सड़क किनारे अवैध रेत की डंपिंग कर हाईवे से परिवहन किया जा रहा है। करेली बड़ी, मेघा सहित राजपुर में करोड़ों रुपए की अवैध डंपिंग का खेल चल रहा है। इसमें सत्ताधारी नेताओं का सहयोग मिल रहा है।

### 21 सितंबर 2024 क्षेत्र के लिए काला दिवस

अवैध रेत खनन के कारण करोड़ों रुपए का महानदी पुल ब्रिज पहले ही ध्वस्त हो चुका है। ज्ञात हो कि मेघा महानदी पुल में अवैध रेत का कारोबार विगत वर्षों से चल रहा है जिसमें काला धन के व्यापार में लगे लोग पुलिया एनीकट को भी नहीं छोड़ रहे है। पिल्लर के नीचे रेत निकालकर उसे कमजोर कर चुके हैं। समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो नारी करेली ब्रिज एनीकेट और मेघा एनीकट की वही दुर्दशा होना तय है।

## अंचल की खबरें

### शाउमावि दुगली में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**नगरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करना, उन्हें विद्यालय से जोड़ना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमानंद कैवर्त, उपाध्यक्ष बसंती सोरी, जनपद सदस्य कलावती नेताम, सरपंच रामेश्वर मरकाम ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया। प्राचार्य ललित कुमार सोम ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा परिणाम, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा आगामी सत्र की कार्ययोजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों, खेलकूद, विज्ञान, नवाचार एवं व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है।

### दलदली अ में शाला प्रवेश उत्सव मना




**नगरी**। शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ में प्रवेशोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल नरेश कोर्राम एवं विद्यालय प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुलासराम नेताम उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश पाठ्य-पुस्तक एवं टाई, बेल्ट का वितरण किया गया। लोकगायिका पार्वती साहू के प्रवेश उत्सव संबंधित स्वरचित गीत ने समां बाध दिया। प्रधान अध्यापिका पीयूष साहू ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त माध्यम है। शिक्षित बच्चे ही परिवार समाज और राष्ट्र के विकास की नींव बनते हैं। शाला परिसर में पौधारोपण के साथ स्थानीय जय दुर्गा महिला स्व सहायता समूह द्वारा न्योता भोज की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर परसराम ध्रुव, मेघनाथ मंडावी, जयप्रकाश, नर्मदा जुर्री, मालती गोटा, सुशीला मरकाम, गौरी साहू, सत्यादेवी ध्रुव, परमिला, पद्मा ध्रुव, देवकी यादव, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजकुमार शील ने किया।

## प्रेमलता नागवंशी नारायणपुर जिला प्रभारी नियुक्त

**नगरी**। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रेमलता नागवंशी को भाजपा महिला मोर्चा की नारायणपुर जिला प्रभारी नियुक्त किए जाने पर जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष है। इसी क्रम में भाजपा नगरी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रेमलता नागवंशी अपने संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पित कार्यशैली के बल पर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



## विद्यार्थियों ने कुश्ती की बारीकियां सीखी

**बगदेही(धमतरी)**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में प्राचार्य एमआर मनहर के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तरीय कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को खेल की बारीकियों, तकनीकों, प्रतियोगिता में तैयारी एवं चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने कुश्ती खेल के प्रति रुचि दिखलाई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राचार्य एमआर मनहर, वरिष्ठ व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर, व्यायाम शिक्षक दुर्वाशा ठाकुर समेत सभी प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**




**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### आम सूचना/ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी उत्तम कुमार पिता घना राम साहू के नाम पर दर्ज ग्राम कोसमर्रा प.ह.नं. 0017 में कृषि भूमि ख.नं. 719/3, 727 रकबा 0.20, 0.31 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.51 हे. भूमि जिसका चर्तुसीमा उत्तर में 719/1, दक्षिण में विक्रेता की शेष भूमि व खसरा नं. 719/4, पूर्व ख.नं. 718 शासकीय नहर, पश्चिम में ख.नं. 720 को क्रेता पक्ष में विक्रय का इकरार कर विक्रेता उत्तम कुमार के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय मेरे पक्षकार के पास करने का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे / ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री किया जाना शेष है उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति शासकीय संस्था, या अर्ध्दशासकीय संस्था बैंक, निगम / वित्तीय निकाय या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 14/07/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने ।

दिनांक :-

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा
निवास : - अटल चौक भखारा
तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)
मो.नं.:- 7000014151

### //आमसूचना/ ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी हिरा लाल पिता बल्देव जाति कलार निवासी गातापार के नाम पर दर्ज ग्राम लोहरपथरा प.ह.नं. 22 में कृषि भूमि ख.नं. 474 रकबा 0.73 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.73 हे. भूमि को भूमि को क्रेता पक्ष में विक्रय का इकरार कर विक्रेता हिरा लाल के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे/ ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री किया जाना शेष है उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति शासकीय संस्था, या अर्ध्दशासकीय संस्था बैंक, निगम/ वित्तीय निकाय या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 14/07/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने ।

दिनांक :-

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा निवास :- अटल चौक भखारा, तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) मो.नं. :- 7000014151

### //आमसूचना/ ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी भीखम लाल मेहता व गंगाप्रसाद मेहता पिता रामा जाति सतनामी के नाम पर दर्ज ग्राम पुरैना प.ह.नं. 004 में कृषि भूमि ख.नं. 35 व 44 रकबा 0.08 हे. व 0.20 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.28 हे. भूमि को क्रेता पक्ष में विक्रय का इकरार कर विक्रेता भीखम लाल मेहता व गंगाप्रसाद मेहता के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय मेरे पक्षकार के पास करने का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे/ ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री किया जाना शेष है उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति शासकीय संस्था, या अर्ध्दशासकीय संस्था बैंक, निगम/ वित्तीय निकाय या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 14/07/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा । सो सूचना जाने ।

दिनांक :-

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा निवास :- अटल चौक भखारा, तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) मो.नं. :- 7000014151

### आम सूचना / ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी कुंदन वैष्णव पिता नरेन्द्र कुमार के नाम पर दर्ज ग्राम कोडापार प.ह.नं. 0035 में कृषि भूमि ख.नं. 149/3 रकबा 0.17 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.17 हे. भूमि को क्रेता पक्ष में क्रेता पक्ष में विक्रय का इकरार कर कुंदन वैष्णव के द्वारा उक्त भूमि का विक्रय मेरे पक्षकार के पास करने का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे/ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री किया जाना शेष है उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति शासकीय संस्था, या अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, निगम/वित्तीय निकाय या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 14/07/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

**सो सूचना जाने।**

दिनांक :-

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता) राजस्व न्यायालय भखारा, निवास :- अटल चौक भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) मो.नं.:- 7000014151

## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

**निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु** :- 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट:-**

1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

**प्रति,**
**संचालक**
**व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)**

**महोदय,**

...................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.................................. 2. पिता/पति का नाम.............................................
3. जन्मतिथि........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम....................पो.........................तहसील.........................
जिला.............................
पिन कोड....................................मोबाईल नं. 1......................2......................व्हाट्सअप नं......................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)...........................................................
**7. शैक्षणिक योगयता:-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**खबर संक्षेप**

### नंदनी को मिलेगी छात्रवृति



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला रावनगुड़ा से राष्ट्रीय सह संसाधन परीक्षा में नंदनी कोसरिया पिता संतोष कोसरिया ग्राम रावनगुड़ा का चयन हुआ है। शासन द्वारा उसे कक्षा 12वीं तक छात्रवृति प्रदान की जायेगी। विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बिलिंग मशीनें लौटाईं



**धमतरी।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिलिंग मशीनों को वापस भिजवाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नीलेश लूनिया ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में सभी कार्य नियमानुसार, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि दोबारा इस प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा नगर निगम के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

- **नगर निगम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, दोबारा गलती पर होगी कार्रवाई: लूनिया**

### निर्धन कन्या के विवाह के लिए 11 हजार की आर्थिक सहायता दी



**धमतरी।** सामाजिक सेवा के लिए सक्रिय हेल्प टू बेनिफिट्स अदर्स लेट्स मेक द चेंज ग्रुप ने एक निर्धन परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग करते हुए 11 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। यह सहयोग समाजसेविका श्रीमती मोहिनी सोनी द्वारा प्रदान की गई दान राशि से किया गया। ग्रुप के प्रमुख सदस्य गौरव लोहाना एवं आलोक राखेचा ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सहायता राशि सौंपी। उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण किसी बेटी के विवाह में बाधा न आए। इसी उद्देश्य से ग्रुप लगातार जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहा है।

### बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग सरपंच बिरगुड़ी थे। अध्यक्षता डाकेंद्र कश्यप अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति बिरगुड़ी ने की।

# बारिश की दस्तक के साथ शहर के बाजार में पहुंचा जंगली बोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मानसून की शुरुआती बारिश के साथ जिले के बाजारों में बस्तर अंचल की प्रसिद्ध जंगली सब्जी बोड़ा की आवक शुरू हो गई है। सीमित मात्रा में उपलब्ध होने के कारण यह इन दिनों 600 से 800 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है।

ऊंची कीमत के बावजूद बोड़ा खरीदने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजार में पहुंचते ही यह सब्जी हाथोंहाथ बिक रहा है और इसके शौकीन ग्राहक बिना अधिक मोलभाव किए इसे खरीद रहे हैं।

व्यापारियों के अनुसार बोड़ा मुख्य रूप से नगरी, मगरलोड, चारामा और आसपास के वन क्षेत्रों से लाया जा रहा है। यह जंगली सब्जी प्राकृतिक रूप से जंगलों में केवल बरसात के शुरुआती दिनों में ही उगती है। मौसम की अनिश्चितता और कम बारिश के कारण इस बार इसकी




आवक अभी सीमित है, जिससे कीमत सामान्य से अधिक बनी हुई है।

बोड़ा अपने विशिष्ट स्वाद, सुगंध और पौष्टिक गुणों के कारण छत्तीसगढ़ के लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय माना जाता है। इसकी सब्जी और पारंपरिक व्यंजन बारिश के मौसम की खास पहचान हैं। यही वजह है कि हर वर्ष मानसून की पहली बारिश के साथ लोग इसके बाजार में आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

इधर बाजार में खेक्सी की बिक्री भी शुरू हो गई है, जिसकी कीमत करीब 600 रुपये प्रति किलोग्राम है। व्यापारियों का कहना है कि तेज बारिश और अनुकूल मौसम बनने के बाद फुटू की आवक भी शुरू हो जाएगी। फिलहाल सीमित आपूर्ति के कारण बोड़ा और खेक्सी दोनों ही जिले की सबसे महंगी मौसमी सब्जियों में शामिल हैं, लेकिन इनके स्वाद और पारंपरिक महत्व के कारण मांग लगातार बनी हुई है।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# निर्दोष आदिवासियों पर अश्रु गैस छोड़ने की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सर्व आदिवासी समाज की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को गोंडवाना भवन में जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गोंड समाज, कंवर समाज, हल्बा समाज, नगारची समाज, पारधी समाज सहित विभिन्न आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में आगामी विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन, जिले के 60 आदिवासी बाहुल्य गांवों में मूलभूत सुविधाओं, 154 आदिवासी परिवारों की भूमि को कथित रूप से गैरसंवैधानिक तरीके से खरीद-फरोख्त की अनुमति दिए जाने, संगठनात्मक समीक्षा, संवैधानिक अधिकारों, जनगणना में



अलग आदिवासी धर्म कोड, तथा सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं प्रवेश परीक्षाओं में आरक्षण संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रोटेशन व्यवस्था के तहत 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस का जिलास्तरीय आयोजन नगरी में किया जाएगा। बैठक में हाल ही में अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से कलेक्ट्रेट की ओर जा रहे 60 आदिवासी बाहुल्य गांवों के ग्रामीणों पर बनरौद में अश्रु गैस छोड़े जाने की घटना पर नाराजगी व्यक्त की गई। समाज ने घटना की निंदा करते हुए इसकी न्यायिक जांच की मांग करने तथा 9 जुलाई को कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। इसके अलावा समाज ने आरोप लगाया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद शासकीय सेवाओं में आदिवासी वर्ग के लिए पदोन्नति, सीधी भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं में आरक्षण रोस्टर का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में भी शासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में भूमाफियों व्दारा 154 आदिवासी परिवारों की भूमि की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज ने इस विषय में कानूनी लड़ाई लड़ने का प्रस्ताव पारित किया। वर्ष 2027 की जनगणना में अलग आदिवासी धर्म कोड का कॉलम शामिल किए जाने की मांग को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा प्रत्येक आदिवासी परिवार से अपने धर्म के रूप में आदिवासी दर्ज कराने का आह्वान किया गया।

मौके पर महेश रावटे, माधव सिंह ठाकुर, उदय नेताम, डॉ.ए.आर ठाकुर, कमलनारायण ध्रुव, जयपाल ठाकुर, उमेश देव, देवनाथ नेताम, होमन सिंह कतलम, सोमनाथ मरई, ठाकुर राम नेताम, पोखन कंवर, कांशीराम कंवर ,रामप्रसाद कंवर, गेवाराम नेताम, रामेश्वर मरकाम, ढालू राम ध्रुव, कांशीराम छेदैया, कृष्णा नेताम, जगन्नाथ मंडावी, चन्द्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, नंदा नेताम, गीता नेताम, चन्द्रकिरण नेताम, माधुरी रावटे, चमेली नेताम, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम, संतोष कुमार नगारची, प्रदुमन नगारची सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सशिमं रुद्री के छात्रों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चता माध्यमिक विद्यालय रुद्री में शनिवार को गायत्री परिवार के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संस्कारित जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। इससे दूर रहकर ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य दंतलाल साहू, आचार्य भुजबल यादव, प्रेमलाल निषाद, पंकज साहू, विश्रुतन साहू, मुकेश सेन, परेश साहू, शरद यादव, राकेश बिल्लोरे, संयोजक सारथी, प्रकाश यादव, सुनीलराय निषाद, नागवारसिंह, मोनेश्वरी निषाद, दुर्गा, नीलू, सोमेश्वर विश्वकर्मा, अंगद साहू, गणेश साहू, प्रिय यादव सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### भाठागांव स्कूल में एसएमसी का हुआ गठन

**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में एसएमसी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजेंद्र चक्रधारी, उपाध्यक्ष ममता साहू, पालक सदस्य अघनू राम ध्रुव, वासपा कंवर, श्रद्धा जैन, तुकेश कुमार साहू, मोहनलाल साहू, तथा वरिष्ठ शिक्षक आशालता साहू चुने गए।

## विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन

- **बगदेही, चोरभट्ठी और भुसरेंगा में विकास कार्यों का दिया भरोसा, अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम पंचायत बगदेही, चोरभट्ठी और भुसरेंगा का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने उनका स्वागत करते हुए गांव की विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों से अवगत कराया। विधायक ने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि ऐसी मांगें रखें जिनका लाभ पूरे गांव और समाज को मिले। उन्होंने मौके पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पटवारी, ग्राम सचिव और संबंधित इंजीनियरों को तत्काल



निराकरण योग्य मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों से गांव के विकास कार्यों को लेकर सुझाव भी लिए।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची से वंचित रह गए कई हितग्राहियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर सूची में नाम जोड़ने की मांग की। अजय चंद्राकर ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए पात्र हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अभियान के दौरान जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, जनपद सदस्य एवन साहू, भाजपा नेता रामस्वरूप साहू, पंकज सिन्हा, छत्रपाल बैस, रवि सिन्हा, कृष्णकांत साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## वन अमले को मिला कानूनी प्रशिक्षण



- **नवीन प्रशिक्षण हॉल डिपो कैम्पस में वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण पर हुई कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नवीन प्रशिक्षण हॉल डिपो कैम्पस धमतरी में वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण पर कार्यशाला हुई। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने उप वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, डिप्टी रेंजर, परिक्षेत्र सहायक एवं वनरक्षक को वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण के बारे में जानकारी देकर इस कार्यशाला का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

मैदानी स्तर पर वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण तथा कानूनी प्रक्रियाओं में आने वाली तकनीकी समस्या का निराकरण त्वरित कैसे करें, इस पर भी जानकारी दी गई। डॉ. राजेन्द्र मिश्रा सदस्य छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी एवं यश कुमार सोनी अधिवक्ता वन्यप्राणी अभियोजन द्वारा वन मंडल के फील्ड स्टॉफ को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण एवं वन्यप्राणी अभियोजन के तहत अदालती कानूनों के बारे में जानकारी देना था।

श्री मिश्रा ने वन्यजीव कोर्ट चालान, वन्यप्राणियों की अनुसूची से संबंधित बिंदुओं पर प्रमुखता से विस्तृत जानकारी दी। यश सोनी ने वन्य प्राणी अपराध, अपराध की परिभाषा एवं अपराध के घटक पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में सयुक्त वनमंडलाधिकारी, उपवनमंडलाधिकारी तथा वनमंडल धमतरी के सभी परिक्षेत्र के फील्ड स्टॉफ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएचई उपखण्ड धमतरी में हेल्पर संघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड धमतरी में हेल्पर संघ के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। संघ के अध्यक्ष येश कुमार साहू, डायमंड नेताम उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष, चंद्रेश कंवर सचिव, लोकेश साहू सहसचिव तथा जसवंत ठाकुर मीडिया प्रभारी बनाए गए। सलाहकार राधेश्याम साहू एवं शैलेंद्र बंजारे चुने गए। सदस्यों में जयंत पटेल, निलेश्वर साहू, पूरण ध्रुव, बृजेश साहू, सोनू पाण्डेय, गणराज साहू, भुनेश्वर यादव, कामता मंडावी एवं देवेंद्र यादव शामिल हैं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) से भेंट की। इस अवसर पर सभी ने संघ की एकजुटता बनाए रखते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा विभागीय कार्यों में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।




**अंचल की खबरें**

### कोसरिया यादव समाज की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी की बैठक आज 5 जुलाई को दोपहर 1 बजे सर्व यादव समाज भवन आमातालाब में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला संगठन के लिए वार्डवार देय राशि जमा करने, नगर इकाई अध्यक्ष के चुनाव की तिथि तय करने, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के चयन पर चर्चा तथा पूर्व के सामाजिक प्रकरणों से संबंधित लंबित राशि जमा कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा। इसके अलावा नगर इकाई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। यदि अध्यक्ष पद के लिए एक से अधिक दावेदार सामने आते हैं तो चुनाव की तिथि निर्धारित की जाएगी। यह जानकारी नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने दी है।

### कोलियारी-धमतरी मार्ग पर रेत से भरे 8 ट्रैक्टर जब्त



**धमतरी।** शनिवार को राजस्व एवं खनिज विभाग ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से रेत उत्खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। बावजूद इसके नदियों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की है। जांच अभियान के दौरान कोलियारी-धमतरी मार्ग पर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर 8 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टरों के दस्तावेजों एवं खनिज परिवहन के लिए वैध अनुमति की जांच की गई। संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार सभी वाहनों को जब्त कर अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरणों की जांच खनिज विभाग द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन ने कहा है कि खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। प्रशासन ने खनिज परिवहन करने वाले वाहन संचालकों से अपील की है कि केवल वैध अनुमति एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप ही खनिजों का परिवहन करें तथा अवैध गतिविधियों से दूर रहे।

- **अवैध परिवहन पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई**

### नियमितीकरण सहित कई मांगों को लेकर कोटवार संघ ने किया प्रदर्शन



**धमतरी।** कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के बैनरतले जिले के समस्त कोटवारों ने नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और अपनी-अपनी तहसील में तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपा। कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी के नेतृत्व में धमतरी तहसील अध्यक्ष कोमल राम, सचिव कमलेश कुमार ने धमतरी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इसी तरह भखारा तहसील के कोटवार मोहित कुमार अग्रवाल, धरमदास, किशोर कामड़े, कुरूद तहसील से सियाराम, खेलूराम, मगरलोड से एमनदास, पवन कुमार, नगरी तहसील से श्याम लाल, तिलक डोंगरे, बेलरगांव तहसील से श्यामलाल, तीरथ, कुकरेल तहसील से बल्लूराम, रघुनाथ, सुदर्शन एवं समस्त कोटवारों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। संघ ने अपनी-अपनी तहसील के तहसीलदारों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कोटवारों ने अपनी उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए शासन से उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और कहा है कि उनकी मांग जल्द पूरी नहीं होने पर भविष्य में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

- **हर ब्लॉक में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

### पीएमश्री स्कूल अरौद में बाल कैबिनेट का गठन



**मगरलोड।** पीएम श्री स्कूल अरौद में बाल कैबिनेट का गठन किया। प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री के पद के लिए निर्वाचन हुआ। कक्षा पांचवीं के छात्र जान्हवी तथा कुलेश्वर साहू को प्रधानमंत्री व उपप्रधानमंत्री चुने गए। शिक्षा मंत्री रूद्र साहू, कानून मंत्री माधवी योगिता, पर्यावरण मंत्री कनिका घनेश्वर व खेल मंत्री कुलकित ओजस, पेयजल मंत्री अंजलि वंदना, खोया पाया मंत्री भेवेंद्र भूपेश, सफाई व जागरूकता मंत्री देविका माधव, मध्यान्ह भोजन मंत्री तामिया मिलिका बनाए गए। कक्षा नायक का भी चयन हुआ। कक्षा पांचवी में माधवी, चौथी में खुशबू, तीसरी में होमेश, दूसरी में धैर्य ,पहली में गरिमा का चयन किया गया। पालक तथा प्रबंधन समिति ने बच्चों को गुलाल, टोपी लगाकर शाला संचालन में सहयोग करने की बात कही। मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आदेश यादव, उपाध्यक्ष ज्योति, कुसुमलता साहू, सदस्यगण शतरूपा साहू, लीलेश्वरी ज्योति साहू, पूर्णिमा, पुष्पा, रेवती, लुकेश्वरी, जीरन, टीकम, खेलन सेन समेत प्रधान पाठक पुष्पलता यादव, शिक्षकगण प्रमोद कुमार ध्रुव, यशवंत कंवर, अनेश्वर साहू, सावित्री साहू, नामदेव साहू, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला चंद्रशेखर साहू तथा जीरम पार्वती रसोईया उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खमडोढ़गी में आज सीड बॉल छिड़काव अभियान

**कांकेर**। पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम खमदोड़ी में आज 5 जुलाई रविवार सुबह 9 बजे से सीड बॉल बीज गेंद छिड़काव अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का आयोजन सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, ग्राम सभा खमदोड़ी एवं पर्यावरण मित्र सेना के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्राशा खमदोड़ी से पदयात्रा निकालकर आसपास के जंगल क्षेत्रों में सीड बॉल का छिड़काव किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधों का प्राकृतिक रूप से विकास करना, हरियाली बढ़ाना तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

### नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर सायकिल की वितरित

**कांकेर**। नए शिक्षण सत्र के शुरू होने पर सिदेसर में शाला प्रवेश उत्सव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं में नवप्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों को तिलक लगाकर वितरण किया गया। कक्षा नवमीं के बालक एवं बालिकाओं का तिलक एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालिकाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सरस्वती साइकिल योजना तहत निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य भुनेश मंडावी, प्रधान पाठक शांति रंगारे एवं मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच अनित राम हिचामी, विशेष अतिथि उपसरपंच किशन जैन, प्रज्ञा दुग्गा, आर देवांगन, पाल गण बोधन राम देवांगन, केदारनाथ ठाकुर, चंद्रभान पोटाई, रवि ठाकुर, कोमल जैन, संध्या जैन, फरजाना शेखानी, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, अन्नपूर्णा साहू, कीर्ति सागर पटेल, सुनीता उपाध्याय, गोपाल सिंह साहू, गौरव कुमार सिंहा, सीमा चतुर्वेदी, मोना दीवान, मनीता सलाम, रंजना वट्टी, कुंम्पा देवी नायक, मधुलिका कलिहारी, हेमलता जैन, दिव्या प्रभा साहू, अनिता पांडेय, सुधा यदु, रनीता राय, कौशल मंडावी उपस्थित रहें।

### एएसआई के मकान का ताला तोड़कर की चोरी, नकदी व चांदी की मूर्तियां पर

**कांकेर**। चारामा नगर की बूढ़ादेव कॉलोनी में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने इस बार पुलिस विभाग में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक के किराए के मकान में ही सेंध लगा दी। घटना में अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और गोदरेज आलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पर चारामा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी प्रदीप कुमार यादव जो वर्तमान में कांकेर जिले के थाना रावघाट में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। चारामा के बूढ़ादेव कॉलोनी में भागवत ठाकुर के मकान में किराए से रहते हैं। दिसंबर 2025 से उनकी ड्यूटी थाना रावघाट थाना के लिए स्थांतरित होने के कारण वे अधिकांश समय वहीं रहते हैं और 10 से 15 दिनों के अंतराल में चारामा स्थित किराए के मकान की साफ-सफाई करने आते हैं। उन्होने चारामा पुलिस को बताया कि 2 जून 2026 को अपने चारामा स्थित मकान की साफ-सफाई कर रात करीब 9 बजे वापस रावघाट थाना ड्यूटी पर चले गए थे। इसके बाद 1 जुलाई की सुबह करीब साढ़े 7 बजे मकान मालिक भागवत ठाकुर ने उन्हें फोन कर घर में चोरी होने की जानकारी दिया। जानकारी मिलने पर वे तत्काल चारामा पहुंचे और मौके पर उन्होंने देखा कि एक कमरे के दरवाजे का ताला और कुंदा किसी धारदार या कठोर वस्तु से तोड़ दिया गया था। कमरे के भीतर सामान बिखरा पड़ा था तथा गोदरेज आलमारी और उसके लॉकर को भी तोड़ दिया गया था। जांच करने पर आलमारी के लॉकर में रखे 3,000 रुपए नकद, दो चांदी की गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां कीमत लगभग 1,500 रुपये तथा कमरे में रखे दो कांसे के गिलास कीमत लगभग 900 रुपये गायब मिले।

# बस किराया संशोधन प्रस्ताव पर शासन के निर्णय का इंतजार

**डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा और रखरखाव की लागत बढ़ने से परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले से रायपुर, जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित विभिन्न मार्गों पर संचालित बस सेवाओं के किराए में संशोधन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टायर, बीमा और रखरखाव की लागत बढ़ने से किराया संशोधित करने का प्रस्ताव शासन के समक्ष रखा गया है। फिलहाल परिवहन विभाग स्तर पर इस प्रस्ताव पर विचार जारी है। बस संचालकों का कहना है कि अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद ही अधिकृत किराया सूची सभी बसों में प्रदर्शित की जाएगी, ताकि यात्रियों को पारदर्शी जानकारी मिल सके।

बस ऑपरेटर संघ के अनुसार वर्ष 2021 के बाद से परिचालन लागत में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में परिवहन सेवाओं को सुचारु बनाए रखने और यात्रियों को नियमित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किराया पुनरीक्षण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। संघ ने परिवहन विभाग से जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है।

धमतरी बस स्टैंड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बसें रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए संचालित होती हैं। इन मार्गों पर प्रतिदिन हजारों यात्री सफर करते हैं। परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किराया संशोधन शासन की मंजूरी के साथ लागू होता है तो यात्रियों और बस संचालकों, दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए संतुलित व्यवस्था बनाई जा सकेगी। वहीं प्रशासन की ओर से भी यात्रियों को अधिकृत किराया सूची देखकर ही किराया भुगतान करने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने की सलाह दी गई है।

**यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता पर जोर**

प्रस्तावित किराया संशोधन लागू होने से पहले परिवहन विभाग की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। विभागीय निर्णय के बाद नई दरों की सूची सार्वजनिक की जाएगी, जिससे यात्रियों को अधिकृत किराए की स्पष्ट जानकारी मिल सके। बस संचालक संघ के महावीर प्रसाद गुप्ता का कहना है कि उनका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, नियमित और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।




नारेबाजी कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

# ग्राम नकटी प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम नकटी में कथित तौर पर 85 मकानों को तोड़े जाने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को गांधी मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजे की मांग की।



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्षा ऋतु के दौरान की गई कार्रवाई से अनेक परिवारों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि किसी भी प्रकार की बेदखली या अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले प्रभावित लोगों के लिए वैकल्पिक आवास और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए थीं। पार्टी ने इसे मानवीय दृष्टि से गंभीर विषय बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओंकार साहू ने कहा कि प्रभावित ग्रामीणों के साथ न्याय होना चाहिए तथा उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था किए बिना इस प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं मानी जा सकती। जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को राहत दिलाना है और सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और स्थायी पुनर्वास उपलब्ध कराने की मांग दोहराई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी, शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला प्रभारी महामंत्री अरविंद दोशी, जिला कोषाध्यक्ष विजय गोलछा, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, आनंद पवार, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेंद्र ध्रुव, सूर्याराव पवार, वसीम कुरैशी, सलीम रोकड़िया, नरेश जसूजा, जानसिंग यादव, राजेंद्र साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, राजेंद्र सोनी, मनीषा साहू, आकाश गोलछा, डीहूराम साहू, योगेश लाल, विक्रांत शर्मा, बृजेश जगताप, हरमिंदर छाबड़ा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन तथा कन्हैया सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रासायनिक खाद-कीटनाशकों की गिरफ्त में धमतरी, मिट्टी की सेहत पर बढ़ा खतरा



■ अधिक उत्पादन की दौड़ में बिगड़ रही जमीन, जैविक खेती ही बनेगी संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धान उत्पादन के लिए पहचान रखने वाला धमतरी जिला अब रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों के बढ़ते उपयोग को लेकर भी चर्चा में है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक उत्पादन की होड़ में खेतों में यूरिया, डीएपी, पोटाश और रासायनिक कीटनाशकों का लगातार बढ़ता प्रयोग मिट्टी की सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता धीरे-धीरे कम हो रही है और कई क्षेत्रों की भूमि अम्लीय होती जा रही है।

कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ सीजन में जिले में बड़ी मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में खाद की खपत में कुछ कमी आई है, फिर भी जरूरत से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग चिंता का विषय बना हुआ है। कृषि वैज्ञानिक एवं प्रोफेशर डॉ सोहन चतुर्वेदी का कहना है कि लगातार रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी में कार्बनिक तत्व, लाभकारी जीवाणु और सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा घटती जा रही है। इसका असर मिट्टी की जल धारण क्षमता और भविष्य की उत्पादन क्षमता पर भी पड़ सकता है।

मिट्टी परीक्षण में जिले के कई क्षेत्रों में नाइट्रोजन, बोरॉन, सल्फर और अन्य पोषक तत्वों की कमी सामने आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि मिट्टी की वास्तविक आवश्यकता जाने बिना अंधाधुंध रासायनिक खाद डालना नुकसानदायक है। किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए।

कृषि विभाग किसानों को फसल चक्र अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा रासायनिक खाद और कीटनाशकों का संतुलित उपयोग करने के लिए लगातार जागरूक कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर कदम नहीं बढ़ाए गए, तो आने वाले वर्षों में मिट्टी की उत्पादकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए टिकाऊ खेती और स्वस्थ भूमि के लिए देशी खाद एवं जैविक कृषि को अपनाना समय की आवश्यकता है।

**अंधाधुंध रासायनिक खाद से घट रही मिट्टी की उर्वरता**

कृषि वैज्ञानिक डॉ अशोक परिहार का कहना है कि देसी खाद, गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट और हरी खाद जैसी जैविक विधियों को अपनाने पर विशेष जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, लाभकारी सूक्ष्मजीवों को सक्रिय रखने और फसलों की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही रासायनिक अवशेष कम होने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है।

# स्कूल अवधि के बाद ऑनलाइन प्रशिक्षण का शिक्षक साझा मंच ने किया विरोध



■ स्कूल समय में ही प्रशिक्षण आयोजित करने की मांग, निजी और पारिवारिक दायित्वों का दिया हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी द्वारा माध्यमिक शाला के शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण 4 जुलाई से विभिन्न विषयों पर आयोजित किया जा रहा है। जारी निर्देश के अनुसार यह प्रशिक्षण विद्यालय संचालन अवधि के बाद प्रतिदिन शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगा। इस निर्णय का शिक्षक साझा मंच जिला धमतरी ने कड़ा विरोध करते हुए प्रशिक्षण को स्कूल अवधि के दौरान ही आयोजित करने की मांग की है।

शिक्षक साझा मंच का कहना है कि प्रदेश के कई विकासखंडों और जिलों में इसी प्रशिक्षण का आयोजन विद्यालय समय में किया जा रहा है, जबकि केवल धमतरी जिले में इसे अवकाश एवं स्कूल अवधि के बाद रखा गया है। संगठन ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि शिक्षक पूरे दिन शासकीय दायित्व निभाने के बाद शाम के समय अपने पारिवारिक, सामाजिक और व्यक्तिगत दायित्वों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में संध्याकालीन प्रशिक्षण से शिक्षकों की दिनचर्या और पारिवारिक जीवन प्रभावित होगा। मंच ने मांग की है कि सभी जिलों में एक समान व्यवस्था लागू करते हुए प्रशिक्षण स्कूल समय में ही आयोजित किया जाए।

इस मांग को लेकर शिक्षक साझा मंच जिला धमतरी के प्रमुख जिला संचालक डॉ. भूषण लाल चंद्राकर, अमित महोबे, दिनेश पांडे, दौलत राम ध्रुव तथा ब्लॉक संचालक गेवाराम नेताम, वरुण साहू, तेजलाल साहू और चेतन लाल साहू सहित सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। संगठन का कहना है कि इससे शिक्षकों की सहभागिता भी बेहतर होगी और प्रशिक्षण अधिक प्रभावी ढंग से संपन्न हो सकेगा।

**अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला**

# चरित्र संदेह पर हत्या, चाचा-भतीजा को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

चरित्र संदेह पर भतीजे के साथ मिलकर पत्नी की हत्या करने वाले को अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास से दंडित किया। भतीजा भी इसमें बराबर दोषी पाया गया। चाचा के साथ भतीजे को भी आजीवन कारावास की सजा दी गई। विभिन्न धाराओं के तहत दोनों को 12-12 सौ रुपए का अर्थदंड भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर ढाई साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

घटना 8 फरवरी 2024 की है। एक व्यक्ति ने दुगली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित बघेल को सूचना दी कि ग्राम भोभलाबाहरा के सीसी रोड किनारे एक अज्ञात महिला की लाश पड़ी है। महिला की उम्र 25-30 वर्ष के आसपास बताई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर एक महिला की अधजली लाश मिली। पुलिस ने सूचना देने वाले चुन्नूलाल कांशी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लिया। जांच के दौरान मृतिका के सिर, पेट पर गंभीर चोट मिले। गला भी काटा गया था और आग से जलाया गया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर हत्या का मामला दर्ज कर मृतिका की शिनाख्ति में जुट गई। विभिन्न थानों से गुम इंसानों की लिस्ट खंगाली गई, तब महिला की पहचान कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर निवासी जयंत्री बाई के रूप में हुई।



**हत्या करना स्वीकार किया**

संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतिका के पति मनराखन नेताम और भतीजा रामदेव सलाम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष चरित्र संदेह पर हत्या करना स्वीकार कर लिया। यह मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नगरी में पेश किया गया था, जहां से केस को अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अर्चना भास्कर के न्यायालय में उपार्पित किया गया।

**दोनों को आजीवन कारावास**

मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी पाया। भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (बी) के तहत आजीवन कारावास और 5-5 सौ रुपए अर्थदंड, धारा 302 सहपठित धारा 120 (बी) के तहत आजीवन कारावास और 5-5 सौ रुपए अर्थदंड, धारा 201 सहपठित धारा 120 (बी) के तहत 7 वर्ष कारावास और 2-2 सौ रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं चुकाने पर कुल 2 वर्ष 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# नशामुक्ति की अलख जगाने वाले तुलसीराम का एसपी ने किया सम्मान



■ धमतरी से काठमांडू तक साइकिल से पहुंचाया नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नशामुक्ति का संदेश लेकर धमतरी से काठमांडू तक साइकिल यात्रा करने वाले समाजसेवी तुलसीराम काग एसपी ने सम्मानित किया है।

नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धमतरी जिला से काठमांडू-नेपाल तक तुसलीराम साहू ने साइकिल यात्रा की। अपनी संपूर्ण यात्रा के दौरान तुलसीराम ने लाउड स्पीकर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से आमजन को अवगत कराया। युवाओं एवं नागरिकों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके इस अनुकरणीय व समाज हितैषी प्रयास की सराहना करते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही पुलिस द्वारा संचालित नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को लगातार जागरूक करने का आग्रह किया। इस दौरान तुलसीराम ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी संवर्धन का संदेश देते हुए एसपी व एएसपी को पक्षियों के सुरक्षित आश्रय के लिए कृत्रिम मिट्टी का घड़ानुमा घोंसला भेंट किया।

इस अवसर पर एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय सहित पुलिस अधिकारी तथा समाजसेवी तुलसीराम के सहयोगी श्री जगने उपस्थित थे।

# जहरीले धुएं और बदबू से हटकेशरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

■ नगर निगम के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

हटकेशर वार्ड में निजी जमीन अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड बन गई है। पॉलीथिनयुक्त कचरे में आग लगाने यहां से उठने वाला जहरीला धुआं वार्डवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। निगम प्रशासन से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासियों में आक्रोश है।

हटकेशर वार्ड के पार्षद सूरज गहरवाल ने बताया कि हटकेशर मुक्तिधाम के पास मणिकंचन केन्द्र है। जहां पर गीला-सूखा कचरा अलग कर ट्रेंचिंग ग्राउंड में डिस्पोज के लिए भेजने का नियम है लेकिन स्वच्छताकर्मियों द्वारा आसपास के 4 वार्ड से निकलने वाले कचरे को एक निजी जमीन में डाला जा रहा है। इतना ही नहीं कचरे में आग लगाई जाती है जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं इंदिरा नगर, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में जा रहा है। पिछले एक माह से इस कचरे के कारण वार्डवासी परेशान हैं। बच्चे, बुजुर्ग के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पार्षद ने कहा है कि कचरा डालना, आग लगाने पर तत्काल रोक लगाई जाये। कचरे निबटान का स्थाई समाधान तथा जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखने ठोस कदम उठाने की मांग की है। अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वार्डवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



**कुकरेल में कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया**

# अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में है संगठन की शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

भाजपा कुकरेल मंडल द्वारा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यशाला आदिवासी ध्रुव गोंड समाज भवन कुकरेल में संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की आवश्यकता, संगठन की आगामी कार्ययोजना तथा मंडल स्तर पर चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने तथा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग का आह्वान किया।

कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने आगामी बैठकों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जनपद अध्यक्ष महेश गोटा ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनने का आह्वान किया।





प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रभारी प्रकाश बैस ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सरल ऐप के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, विकास यात्रा, संगठनात्मक संरचना, पंचनिष्ठा, अंत्योदय, लोकतंत्र एवं राष्ट्रवाद जैसे वैचारिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री टिकेश्वर साहू व आभार व्यक्त मंडल महामंत्री वासु गंजीर ने किया। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, जनपद सदस्य शुभम नवीन यदु, चंद्रकला साहू, ईश्वरी ध्रुव, प्रेमसिंग सलाम ,जिला कार्य समिति सदस्य टेलेश्वर ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु साहू, वनलाल साहू, अजय यादव, प्रेमसिंह सलाम, संतोष साहू, श्यामा मंडावी, नरेश मरकाम, बृजलाल मंडावी, अखिलेश प्रजापति, इंदल प्रजापति शत्रुघ्न साहू, पिंगल गोटा, मीडिया प्रभारी वरुण देव ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।

ADMISSION OPEN 2026-2027

# शिक्षा भूमि

























## पौने 13 लाख के हेरोइन व 60 लाख के वाहन जब्त, 29 प्रकरणों में 59 आरोपी गिरफ्तार

# धमतरी पुलिस ने पिछले 6 माह में अभियान चलाकर करोड़ों का अवैध गांजा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वर्ष 2026 में धमतरी पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए बीते 6 महीनों में 5 करोड़ के अवैध गांजा, 60 लाख के वाहन व पौने 13 लाख के हेरोइन (चिट्टा) को जब्त किया है।





जिले के नागरिकों विशेषकर युवाओं के सुरक्षित भविष्य को नजर में रखते हुए एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में विशेष अभियान चलाकर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बोराई, कुंदई जिला नवरंगपुर ओडिशा, विश्रामपुरी जिला कोंडागांव ट्राई जंक्शन क्षेत्र में रणनीतिक रूप से चेकपोस्ट स्थापित किया गया। इन चेकपोस्टों में लगातार सघन वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध वाहनों की निगरानी की जा रही है। एसपी द्वारा स्वयं विभिन्न चेकपोस्ट का निरीक्षण कर सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। बीते 6 माह में धमतरी पुलिस ने अवैध गांजा के 23 प्रकरण में कुल 50 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 980 किग्रा अवैध गांजा कीमत 5 करोड़ रुपए को जब्त किया है। वहीं गांजा तस्करी में प्रयुक्त की जा रही 6 महंगी कारें, एक पिकअप एवं 8 मोटरसाइकिल कीमत 51 लाख रुपए जब्त की है।

### हेरोइन चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस ने बीते 6 महीने में मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा के दर्ज 6 प्रकरण में कुल 9 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 72.9 ग्राम हेरोइन चिट्टा कीमत 12 लाख 74 हजार रुपए जब्त किए है। वहीं तस्करी में उपयोग की जा रही दो कार एवं तीन बाइक कुल कीमत 8 लाख 60 हजार रुपए जब्त की है।

### कुल 5 करोड़ 70 लाख की संपत्ति जब्त

यदि एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कारवाई का विश्लेषण किया जाए तो विगत वर्ष 2024 एवं वर्ष 2026 के प्रथम 6 माह के दौरान धमतरी पुलिस द्वारा सर्वाधिक एवं रिकार्ड स्तर पर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही जिले में पहली सफीमा एक्ट के तहत कार्रवाई कर दो मामलों में गांजा के कारोबार से जुड़े आरोपियों की लगभग 36 लाख रुपए की संपत्ति राजसात की गई है।

### आपरेशन निश्चय से मिला सकारात्मक परिणाम

अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने, तस्करी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से लगातार संचालित विशेष अभियान एवं आपरेशन निश्चय का भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ है। आपरेशन निश्चय के तहत अब तक चार चरणों में व्यापक कार्रवाई की जा चुकी है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच्ची की मौत

धमतरी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पांच वर्षीय बच्ची को चपेट में लिया लिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम चारभाठा निवासी तोषण साहू की पांच वर्षीय पुत्री दीक्षा साहू रविवार की सुबह दौड़ते हुए घर से निकल रही थी। इसी दौरान चंद्रहास साहू के ट्रैक्टर को राहुल चलाते हुए ग्राम गुदगुदा की तरफ से आ रहा था। चालक ने तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए बच्ची को चपेट में ले लिया। घटना में अचेत बच्ची को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



■ ग्राम चारभाठा की घटना

## भागते हुए गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पुलिस को देखकर भाग रहा युवक अचानक गिर गया जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार युवक के छोटे भाई भूपेश जांगड़े पिता सुरेंद्र उम्र 23 वर्ष जोधापुर वार्ड निवासी ने अपने बयान में कहा है कि उसका बड़ा भाई योगेश जांगड़े बढ़ाई का काम करता था। शुक्रवार की रात्रि 8 बजे उसका भाई अपने दोस्त नितिन लालबगीचा निवासी के साथ घर से गया था। इसी दौरान रात्रि 10.30 बजे योगेश के दोस्त अमन नेताम ने उसे फोन करके बताया कि तुम्हारे भाई की तबीयत खराब हो गई है। उसका शरीर लकवा के जैसा ढीला पड़ गया है। जानकारी होते ही तत्काल लालबगीचा की पानी टंकी के पास पहुंच योगेश को उपचार के लिए स्कूटी में नितिन के साथ जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात्रि योगेश की मौत हो गई।



■ लालबगीचा वार्ड की घटना

भूपेश ने बयान में आगे कहा कि बाद में मृतक के दोस्त अमन व नितिन ने उसे बताया कि योगेश पुलिस को देखकर भाग रहा था, जो भागते समय लालबगीचा की पानी टंकी के पास गिर गया था।

चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल युवक पुलिस को देखकर क्यों भाग रहा था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा।

ग्राम ओन्हाकोन्हा की घटना

## तैराकी कर बांध से निकले युवक को आई मौत की हिचकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बांध के पानी में तैराकी करते हुए नहाकर निकले युवक को अचानक हिचकी आई जिसके बाद युवक की हालत बिगड़ती चली गई। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार दुर्ग जिला के उतई थाना क्षेत्र के ग्राम महवाकला निवासी नीरज मंडावी पिता बहुरसिंह उम्र 23 वर्ष अपने घर में किराने की दुकान चलाता था। शुक्रवार को नीरज गांव के अपने दोस्त निखिल सिन्हा, लीलाधर ठाकुर, मोहित ठाकुर, देवेंद्र यादव, विरेंद्र यादव, अजय सिन्हा, विजय मारकंडे व रितेश सिन्हा के साथ पिकनिक मनाने पुरूर थाना क्षेत्र में स्थित डुबान क ओन्हाकोन्हा गए थे। यहां पहुंचने के बाद नीरज सहित पांच दोस्त नहाने के लिए बांध के पानी में उतर गए। उनके चार दोस्त नहाने नहीं गए। पांच युवक बांध में तैराकी करते हुए नहाकर बाहर निकले। सभी आपस में बातचीत करते पैदल आ रहे थे। इसी दौरान नीरज को अचानक जोर से हिचकी आई, जिसके बाद नीरज बेहोश हो गय। युवक को अचानक बेहोश होते देख अन्य दोस्तों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में नीरज को उसके दोस्त निजी वाहन से उपचार के लिए पुरुर अस्पताल ले गए। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल धमतरी रिफर कर दिया गया। युवक को जिला अस्पताल लाया गया जहां लगभग शाम 7.30 बजे डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम में पाया गया कि युवक के हार्ट में ब्लाक हो गया था। हार्टअटैक से उसकी मौत हुई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL
MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US:
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा)
कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

